

# नामली में अवैध गैस रिफिलिंग पर छापा,31 सिलेंडर जब्त



**▸ राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/नामली।** नगर में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों से रिफिलिंग करने के मामले में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार रात को कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार गोपनीय शिकायत के आधार पर महू रोड स्थित शहज़ाद सर्विस सेंटर पर छापा मारा गया, जहां घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण,रिफिलिंग की जा रही थी।

कार्रवाई के दौरान टीम को मौके से कुल 31 गैस सिलेंडर मिले, जिनमें 22 भरे हुए और 9 खाली सिलेंडर शामिल हैं। जब्त सिलेंडरों में भारत गैस के 21, एचपी के 4, इंडियन आर्मी के 5 और रिलायंस का 1 सिलेंडर पाया गया। इनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 87 हजार 780 रुपए बताई गई है। कार्रवाई रतलाम ग्रामीण तहसीलदार आशीष उपाध्याय, पटवारी टीकमसिंह चौहान, खाद्य विभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी मुकेश चौहान तथा थाना प्रभारी गायत्री सोनी की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ की गई। जांच में सामने आया कि संचालक शहज़ाद मंसूरी पिता टीपू सुल्तान द्वारा अवैध गोदाम बनाकर सिलेंडर रखे गए थे और एक सिलेंडर की गैस 1200 से 1300 रुपए में बेची जा रही थी। समाचार लिखे जाने तक पंचनामा बनाकर आगे की कार्रवाई जारी थी। पूर्व में भी यहां कार्रवाई हो चुकी हैं।

**कार्रवाई की जा रही है**

रतलाम ग्रामीण तहसीलदार आशीष उपाध्याय ने बताया कि यहां अवैध घरेलू सिलेंडर से रिफिलिंग की जा रही थी। राजस्व और फूड डिपार्टमेंट के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई कर 31 सिलेंडर जब्त किए। इनमें 22 भरे और 9 खाली हैं।



## राजस्व अधिकारियों ने गैस एजेंसियों के वितरण केन्द्रों का किया निरीक्षण

रतलाम। कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिले में राजस्व अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों के वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। बाजना क्षेत्र में बाजना, रावटी स्थित गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया। आलोट क्षेत्र में आलोट, मंडावल स्थित इंडेन गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया। सैलाना में भी गैस एजेंसी के वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया गया एवं वितरकों को शासन के निर्देशानुसार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये। उपलब्ध स्टॉक और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने तथा आवश्यक स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए।

# अब तक 399 बालिकाओं को लगा एचपीवी टीका

**▸ जिले के 9 केन्द्रों पर रोज मिल रही निशुल्क वैक्सीनेशन सुविधा**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि रतलाम जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। एच पी वी वैक्सीनेशन जिले के चिन्हित केंद्रों पर प्रतिदिन किया जा रहा है। रतलाम जिले में बाल चिकित्सालय रतलाम, मेडिकल कॉलेज रतलाम, सिविल अस्पताल आलोट, जावरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली, बाजना, सैलाना, ताल, पिपलोदा केंद्रों पर प्रतिदिन वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

कार्यक्रम प्रारंभ होने के बाद से अब तक कुल 399 बालिकाओं का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। ऐसी सभी बालिकाएं जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिवस मना लिया है और 15 जन्मदिवस नहीं मनाया है सभी वैक्सीनेशन के लिए पात्र है, बाजार में उक्त वैक्सीन की कीमत लगभग 4000 रुपए बताई जाती है। सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी से बचाव के लिए सभी अभिभावकों को अपनी बेटी का नि:शुल्क वैक्सीनेशन नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर कराने की अपील की गई है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील ने बताया कि टीकाकरण कराने के लिए ऑनलाइन यू विन पोर्टल पर भी बुकिंग की जा सकती है अथवा सीधे टीकाकरण केंद्र पर आकर वैक्सीनेशन कराया जा सकता है। वैक्सीनेशन करने के लिए आयु के प्रमाण संबंधी कोई भी दस्तावेज अथवा स्वयं का आयु संबंधी घोषणा पत्र भी मान्य है। टीकाकरण पूरी तरह स्वैच्छिक होकर निशुल्क है, अपनी 14 वर्ष की बेटी का वैक्सीनेशन कराए ताकि सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो सके। अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के संबंध में बताया गया कि एच पी वी वैक्सीनेशन पूरी तरह सुरक्षित है।

**एक नजर में**

## नए वर्ष में 286 स्थाई वारंट एवं 3 हजार 97 गिरफ्तारी वारंट तामील

**रतलाम।** जिले में फरार अपराधियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा स्थाई वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन में आदतन अपराधियों एवं विभिन्न प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान नए वर्ष में भी प्रभावी रूप से जारी है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए फरार वारंटियों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नए वर्ष 2026 में 01 जनवरी से अब तक कुल 286 स्थाई वारंट एवं 3097 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए हैं। जनवरी माह में विभिन्न प्रकरणों में फरार 150 स्थाई वारंटी एवं 1453 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए। फरवरी माह में 130 स्थाई वारंटी एवं 1644 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए। इस प्रकार वर्ष 2026 में अब तक रतलाम पुलिस द्वारा कुल 286 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी तथा 3097 गिरफ्तारी वारंटों का तामील सुनिश्चित किया गया है।

## मांदलिया ने दो नेत्रहीनों को दी नई रोशनी

**रतलाम।** 'मृत्यु के बाद भी किसी की आँखों से दुनिया देखना संभव है '—इस प्रेरणादायी संदेश को साकार करते हुए तेजानगर निवासी स्व. शंकरलाल मांदलिया की धर्मपत्नी श्रीमती विष्णुकांता मांदलिया के नेत्रदान से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नई रोशनी मिलने की आशा जगी है। श्रीमती मांदलिया के निधन के बाद उनके पुत्र योगेश मांदलिया एवं नीलेश मांदलिया तथा परिवारजनों ने समाज के लिए एक अनुकरणीय निर्णय लेते हुए नेत्रदान का संकल्प लिया। यह प्रेरणा उन्हें विजय सेठिया और नीलेश पोरवाल से मिली। नेत्रदान के लिए समर्पित नेत्रम संस्था के सक्रिय सहयोग से यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। संस्था के हेमन्त मूणत ने बताया कि परिजनों की सहमति मिलते ही रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को सूचना दी गई। उनके मार्गदर्शन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर राजवंत सिंह और विनोद कुशवाह की टीम ने नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की। इस सेवा कार्य में एक और प्रेरणादायी पहल करते हुए नेत्रम संस्था के सदस्य नरेन्द्र अग्रवाल ने अपनी निजी वाहन से मेडिकल टीम को दिवंगत के निवास तक लाने और वापस मेडिकल कॉलेज पहुँचाने की व्यवस्था की। नेत्रदान के दौरान संजय पोरवाल, बंशीलाल पोरवाल, सुनील पोरवाल, अंकित व्यास, रवि व्यास, रवि राठौड़, सूरज कुमावत, ओमप्रकाश अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, गिरधारी लाल वर्धानी, सुशील मीनू माथुर, शिवम माथुर, भगवान ढलवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नेत्रम संस्था एवं डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडे मेडिकल कॉलेज शासकीय नेत्र बैंक द्वारा परोपकारी परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कल स्त्री पर केंद्रित कविता पाठ का आयोजन

**रतलाम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के संदर्भ में स्वर्गीय प्रेरणा तोगड़े की स्मृति मे शिक्षक सांस्कृतिक मंच द्वारा स्त्री केंद्रित कविताओं का पाठ किया जावेगा। मंच अध्यक्ष दिनेश शर्मा, सचिव दिलीप वर्मा, कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम तोगड़े ने बताया कि रतलाम प्रेस क्लब भवन पावर हाउस रोड पर कल 12 मार्च 2026 को शाम 4:30 बजे आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिभा चांदनी वाला, श्रीमती वीणा छाजेड़ और डॉक्टर प्रवीणा दवेसर रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोता स्वलिखित स्त्री केंद्रित कविता या प्रख्यात कवियों की रचनाओं का पाठ कर सकते हैं। इस अवसर ओर कविता पाठ करने वालों को मंच की ओर से सम्मानित किया जावेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध सुलोचना शर्मा, डॉ. मुरलीधर चांदनी वाला, ओ.पी. मिश्रा, डॉ. प्रदीप सिंह राव, कृष्ण चंद्र ठाकुर, नरेंद्र सिंह राठौड़ रमेश उपाध्याय, भारती उपाध्याय, कविता सक्सेना,रक्षा के कुमार, आरती त्रिवेदी, विनीता पटेल, ललिता कुशवाहा,अंजुम खान, संतोष जोशी,भावना पुरोहित,रेखा पवार, मिथिलेश मिश्रा, मदन लाल मेहरा,दशरथ जोशी,अनिल जोशी,मुनींद्र दुबे, रविंद्र उपाध्याय आदि ने किया है।

## ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याओं के समाधान हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

**रतलाम।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रतलाम अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण, सतत निगरानी एवं प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निराकरण हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना जिला पंचायत कार्यालय रतलाम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन द्वारा की गई है। नियंत्रण कक्ष का दुरभाषा नम्बर 07412-299372 है। नियंत्रण कक्ष के संचालन एवं प्राप्त होने वाली शिकायतों के संधारण/निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है । नियंत्रण कक्ष में सहायक वर्ग -3 लोक स्वा.यां. विभाग श्रीमती चेतना सोलंकी, समयपाल लोक स्वा.यां. विभाग राहुल सिंह चौहान मो नं 7974996442, कम्प्यूटर आपरेटर (आरजीएसए) जिला पंचायत संजय सोनार्थी मो नं 9826111392 की ड्यूटी लगाई गई है।

# सल्फास खाने से पहले बनाया वीडियो, पत्नी और ससुराल को ठहराया जिम्मेदार

**▸ पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा, जांच जारी**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पत्नी और ससुराल के परिजनों से तंग आ कर मोइन ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। सल्फास खाने से पहले मोइन ने एक वीडियो जारी किया जिसमें बताया की पत्नी और ससुराल के लोग मेरी मौत के जिम्मेदार रहेंगे। उनको सजा देना। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उकाला रोड निवासी मोइन पिता अनिस काजी (35) ने सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पूर्व मोइन ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाला था, जिसकी जानकारी देर रात को मिली।

मोइन द्वारा शेयर किए गए वीडियो में उसने बताया कि उसकी पत्नी और ससुराल वालो से परेशान होकर वह आत्महत्या कर रहा है। मोइन का फरहीन से निकाह 13 साल पहले हुआ। निकाह के बाद घरेलू झगड़ों के चलते कई बार मायके चली जाती। जिसमें फरहीन के परिजन भी उसे पूरा सहयोग करते थे। इतना ही नहीं पत्नी फ़रहीन मुझे अपने बच्चो से भी मिलने नहीं देती। साला भी धमकी देता था। इस कारण काफी टेंशन था। मोइन वीडियो मे कई बार सल्फास की गोलिया दिखाते हुए और अपने बच्चो से मिलने की गुहार लगाते हुए नजर आया।

मोइन ने घटनाक्रम के लिए पत्नी और ससुराल वालो जिम्मेदार बताते हुए उन्हें सजा देने और प्रशासन से बच्चों की कस्टडी अपने घर वालों को देने की मंशा जाहिर की। पुलिस वीडियो की जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी।

## गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी

**रतलाम।** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मार्च से जुलाई तक तापमान में बढ़ोतरी परिलक्षित होने के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि अत्यधिक गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पिए, भले ही आपको प्यास न लगी हो। यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ रखें । ओआरएस का उपयोग करें और अपने घर के बने पेय जैसे नींबू पानी छाछ, लस्सी फलों के रस में थोड़ा नमक मिलाकर पिये। उच्च जल सामग्री वाले मौसमी फल और सब्जियां खाएं जैसे तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर अनानास, ककड़ी, खीरा और सलाद पत्ते का उपयोग करें। ढीले, सूती और हल्के रंग के कपड़े पहने। सीधे धूप के संपर्क में आने पर अपने सर को ढकने के लिए छाता, टोपी, तोलिया या अन्य पारंपरिक कपड़ों का उपयोग करें। धूप में बाहर निकलते समय जूते या चप्पल पहने । हवादार और ठंडी जगह पर रहे, दिन के दौरान खिड़कियां और पर्दे बंद रखें रात के समय में ठंडी हवा आने देने के लिए उन्हें खोल दें। यदि बाहर जाना आवश्यक हो तो अपनी बाहरी गतिविधियों को सुबह और शाम सीमित रखें। दोपहर 12:00 से 3:00 तक धूप में बाहर निकलने से बचे । दोपहर में बाहर होने पर भारी मेहनत वाले काम ना करें।

# रमजान के पवित्र माह में एकता और भाईचारे की मिसाल



**रतलाम।** पवित्र माह रमजान के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 20 वें रोजे पर एकता, भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देते हुए भव्य रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा के नेतृत्व में सुभाष नगर रोड स्थित कब्रिस्तान के सामने ब्रिज के नीचे आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहा कि अनेकता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के त्योहार हमें मिलजुलकर और आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ मनाने चाहिए, यही हमारे देश की संस्कृति और परंपरा है। कार्यक्रम में सेवा दल, महिला कांग्रेस, कांग्रेस अनुसूचित जनजाति विभाग, एनएसयूआई, पार्षद दल, चारों ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग सहित विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही शहर के कई सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने रोजा इफ्तार कार्यक्रम में शामिल होकर आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया तथा जानकारी रतलाम शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने दी।

## बाइक की टक्कर से एक की मौत

रतलाम। जिले के बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम सारातलाई पानी की टंकी के सामने हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया। जानकारी के अनुसार बाजना थाना क्षेत्र के सारातलाई पानी की टंकी के सामने बाइक क्रमांक एमपी 43 झेड एफ 2362 के चालक ने वाहन तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए नानुराम पिता दित्या डामर निवासी निवासी के सरपुरा को टक्कर मार दी। दुर्घटना में नानुराम की मौत हो गई ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## कलेक्टर ने ली गैस वितरकों की बैठक संपन्न

रतलाम । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती मिशा सिंह द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष मे रतलाम शहर के एलपीजी गैस वितरकों की बैठक ली गई। बैठक में बताया गया कि जिले में गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिये रिफिल की बुकिंग अंतिम बार प्रदाय की गई रिफिल के 21 दिन अवधि से बढाकर 25 दिन कर दी गई है। घरेलू गैस उपभोक्ता से अपील है कि वे धैर्य बनाये रखे। जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सभी कम्पनियों के समस्त एलपीजी वितरकों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन घरेलू एलपीजी की उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही बुकिंग की जानकारी संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय, रतलाम में प्रतिदिन प्रात: 11 बजे तक प्रस्तुत करेंगे। समस्त वितरक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके डिलेवरी मेन/हॉकर उपभोक्ताओं से नियत शुल्क से अधिक राशि प्राप्त नहीं करेंगे एवं एफआईएफओ प्रणाली के माध्यम से पूर्ववर्ती बुकिंग का वितरण करें।

# सैलाना-बाजना के सैकड़ों स्कूलों में नहीं बाउंड्रीवाल,बच्चे असुरक्षित

**▸ विधायक डोडियार ने कलेक्टर को पत्र लिख कार्रवाई की मांग की**

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/सैलाना।** जिले के सैलाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश्वर डोडियार ने आदिवासी अंचल के शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कलेक्टर मिशा सिंह को पत्र लिखकर तत्काल कार्यवाही की मांग की है। विधायक डोडियार ने अपने पत्र में कहा है कि जिले के सैलाना और बाजना क्षेत्र में संचालित आदिवासी विकास विभाग के कई विद्यालयों में चारदीवारी (बाउंड्रीवाल) का अभाव है, जिसके कारण विद्यालय परिसरों में आवारा कुत्तों सहित अन्य पशुओं का लगातार प्रवेश हो रहा है। इससे वहां पढ़ने वाले छोटे बच्चों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है।

विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने भी देशभर के स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और विद्यालय परिसरों में आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत शिक्षा विभाग द्वारा कुछ दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन आदिवासी विकास विभाग के विद्यालयों में अभी तक इस संबंध में स्पष्ट व्यवस्था नजर नहीं आ रही है।

पत्र के अनुसार रतलाम जिले में शिक्षा विभाग और आदिवासी विकास विभाग के कुल लगभग 1694 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय तथा 189 हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालय संचालित हैं। इनमें से बड़ी संख्या में विद्यालय बिना चारदीवारी के संचालित हो रहे हैं। विशेष रूप से सैलाना क्षेत्र के 211 प्राथमिक-माध्यमिक और 7 हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय तथा बाजना क्षेत्र के 312 प्राथमिक-माध्यमिक और 13 हाई व हायर सेकेंडरी विद्यालयों में चारदीवारी नहीं है।

विधायक डोडियार ने कलेक्टर से मांग की है कि जिन विद्यालयों में चारदीवारी नहीं है वहां शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाए तथा विद्यालय परिसरों में आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही पूरे मामले की जांच कर प्रतिवेदन तैयार कर कार्रवाई से अवगत कराने का अनुरोध भी किया है।

# नामली कॉलेज बना विश्व विद्यालय का परीक्षा केंद्र, ग्रामीण छात्रों को बड़ी सुविधा

**▸ पहले रतलाम जाकर देनी पड़ती थी परीक्षा**

**नवभारत न्यूज**

**नामली।** शासकीय महाविद्यालय नामली को इस वर्ष विक्रम विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र बनाए जाने से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है। अब तक नामली और आसपास के गांवों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को परीक्षा देने के लिए रतलाम स्थित स्वामी विवेकानंद वाणिज्य महाविद्यालय जाना पड़ता था। दूरी अधिक होने के कारण विद्यार्थियों को आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। कई बार समय पर परिवहन साधन नहीं मिलने से छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र फिरोजिया के मार्गदर्शन और प्रयासों से इस बार शासकीय महाविद्यालय नामली को ही विक्रम विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। इससे नामली महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को भी अपने ही क्षेत्र में परीक्षा देने की सुविधा मिल सकेगी। परीक्षा केंद्र स्थानीय स्तर पर बनने से विद्यार्थियों को समय की बचत होगी और वे आसानी से कॉलेज आ-जा सकेंगे। अभिभावकों और विद्यार्थियों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे छात्रों के लिए लाभदायक बताया है।

## बच्चों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**जावरा।** हर साल की तरह इस वर्ष भी माली सैनी समाज जावरा द्वारा छोटा माली पूरा स्थित श्रीराम जानकी, राधा कृष्ण मंदिर पर वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चों की सामान्य ज्ञान स्पर्धा भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले और माता सावित्री बाई फूले के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विमला सैनी उपस्थित रही। जबकि शिक्षिका संगीता गहलोत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बतौर विशेष अतिथि लीला सैनी, पूर्व नपा चेयरमैन बसंतीदेवी पटेल व रुकमा बाई पटेल मौजूद रही। आयोजित में सास-बहू कार्यक्रम के दौरान बहुओं ने अपनी-अपनी सासू मां का पुष्पमालाओं से सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बच्चों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के समापन पर सहभागी बालकों को पुरस्कार प्रदान किए गए। समाज अध्यक्ष मोहन पटेल सहित अनेक समाजबन्धु उपस्थित रहे।

**एक नजर में** ▸ **रंगरेजपुरा स्कूल को बंद कर बच्चों को दूर भेजने पर नाराज़गी, मजदूर पालकों का कहना, घर के पास ही पढ़ाना चाहते हैं**

# सांदीपनि स्कूल मर्ज के खिलाफ अभिभावकों का विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**▸ बगैर पालकों की सहमति के ले लिया निर्णय**

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि विद्यालय को बंद करने और बच्चों को अन्य स्कूल में भेजने के संबंध में विभाग द्वारा पालकों से कोई सहमति नहीं ली गई। अभिभावकों ने यह भी कहा कि आरटीई (शिक्षा का अधिकार) अधिनियम के अनुसार बच्चों को उनके निवास स्थान के पास शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि बच्चों की सुविधा और अभिभावकों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए शासकीय प्राथमिक विद्यालय रंगरेजपुरा को सांदीपनि विद्यालय में मर्ज करने का निर्णय वापस लिया जाए।

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** सांदीपनि विद्यालय में सरकारी स्कूलों को मर्ज किए जाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस मुद्दे पर मर्ज होने वाले स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने खुलकर विरोध जताया है। अभिभावकों ने जावरा के एसडीएम को पत्र देकर शासकीय प्राथमिक विद्यालय रंगरेजपुरा को सांदीपनि विद्यालय में मर्ज न करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि बुधवार के अंक में सांदीपनि विद्यालय में मर्ज होने वाले स्कूलों के चयन में भेदभाव के आरोप को लेकर समाचार प्रकाशित किया था। वहीं अब मर्ज होने वाले स्कूलों के बच्चों के अभिभावकों ने विरोध में स्वर उठाना प्रारंभ कर दिया हैं। विरोध के चलते क्या अब भी स्कूलों के मर्ज में स्थानीय अधिकारियों की मनमानी पर अंकुश लगेगा या युंही बगैर किसी की सहमति के ही स्कूल मनमर्जी से मर्ज कर लिए जाएंगे।

रंगरेजपुरा स्कूल के अभिभावकों तथा श्रीकैलामाता मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने जावरा एसडीएम सुनिल जायसवाल को सौंपे अपने पत्र में बताया कि हाल ही में शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार शासकीय प्राथमिक विद्यालय रंगरेजपुरा, जावरा को सांदीपनि विद्यालय में मर्ज किया जा रहा है, जबकि उनके बच्चे वर्तमान में इसी स्कूल में पढ़ते हैं। अधिकांश अभिभावक मजदूरी करने वाले हैं और वे अपने बच्चों को घर के पास स्थित इस विद्यालय में छोड़कर काम पर जाते हैं तथा काम से लौटकर उन्हें वापस घर ले आते हैं। अभिभावकों का कहना है कि उनके बच्चे छोटे हैं और वे उन्हें दूर स्थित सांदीपनि विद्यालय भेजने में असमर्थ हैं। ऐसे में वे चाहते हैं कि उनके बच्चों की पढ़ाई उनके घर के नजदीक स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय रंगरेजपुरा में ही जारी रहे।